Now in 2009, we come to the same sub-type H1N1 and again it was called swine flu because it originated supposedly in people in Mexico who blamed it on pigs, but it was the pigs who got it from the human-beings. Then immediately, the United States declared it a pandemic. Most countries have again been set off on a wrong track and have wasted money and time by killing pigs as they have in Egypt. In fact, they have killed more pigs in Egypt while they have not had a single case so far of Swine Flu, than, they have spent on the entire health budget.

We, in India, are quick to go completely crazy with every alert sounded by the West. Unfortunately, our scientists do not probe deeply into so called pandemics. The avian flu is one case. We killed crores of birds, mainly belonging to the tribals and poor people. We did not kill a single bird in multi-crore farm factories in Pune, for instance, that keep chickens in much worse conditions than the villagers do. But this is a scandal that needs an enquiry by itself. The previous Health Minister bought hundreds of crores worth of so called avian flu medicines, none of which was ever used or will ever be. That is another scandal that needs an inquiry. What our scientists should realise before adopting western panics as their own is that the swine flu has been compared by WHO itself to all other similar types of influenza virus in terms of mortality. This is what the WHO says. “In the US, for every 1,000 people who get infected with any strain of flu, 40 people need admission to hospitals and one person dies.” This is even a higher ratio than what

we claim for swine flu. India has no central records of checking who dies of what and in which hospital, and we are not even working towards central record keeping.

Therefore, we have no idea of how many people die of an average flu, and we resort to knee-jerk reactions prompted by scaremongers in other countries.

We have spent so much media space and money on detecting people with the so-called flu symptoms. We have isolated people; given press conferences; and gone after people who have supposedly run away from isolation units and recaptured them only to find that we have no cases of swine flu. Have we applied the same vigilance to cases of polio, which crop up regularly? Do we catch those people who refuse to get polio shots? No, we do not. Have we applied it to malaria or to that increasingly dangerous killer, namely, tuberculosis ?

In my Constituency, just last week, I was called-up by an anxious father whose son of five years had been diagnosed with TB. He was told by the Central District Hospital that the medicines would reach his house on the 23rd of June as is the system in Uttar Pradesh. The system is that people will come to you with the medicine, but you cannot pick it up yourself. The deliverer never arrived, and he called me. I spoke to the CMO and it turned out that the man who was supposed to give him the medicines had instead gone to attend a wedding. Should we not put more time and media space into stopping the diseases that we already have, and improving the delivery systems of medicines instead of adopting new and fanciful completely artificial diseases? Flu is normal, and all its strains are normal including Swine Flu H1NI.

In humans, the symptoms of the 2009 H1N1 virus are similar to those of influenza in general. It cannot be spread by eating pork products since the virus is not transmitted through food. All we need is the standard prevention against spreading of the flu virus from human to human, which is frequent washing of hands with soap and water, especially, after being out in public, and disinfecting surfaces, especially, household ones as it is important. Influenza can spread by

cough and sneezes, but an increasing body of evidence shows small droplets containing the virus can remain on tabletops, telephones and other surfaces in which case an alcohol-based gel or foam or hand sanitizers work well to destroy the viruses and bacteria. Anyone with flu-like symptoms such as fever, cough or muscle aches should stay away from work or public transportation. That is all. We are over reacting. We are spending crores of rupees for something where only these two things work.

Please do not spend public money again scandalously by buying newly-invented commercial foreign vaccines or spend our scientists' time in inventing vaccines for a flu that will not be here by next year because it would have mutated into HIN10 or whatever. The normal flu vaccine that has been in the market for several years now has been proven ineffective in every single form of flu that it was supposed to inoculate us against, and a new vaccine will again be more dangerous than helpful. We are told that America is at work on a vaccine for the new strain, but it would have gone and mutated long before we are ready.

Tamiflu is what you will choose as the answer because you have already stockpiled Tamiflu in crores for Avian Flu. You do not know what to do with it since Avian Flu has disappeared instead of being the pandemic that killed one billion people. You have said that now we will use Tamiflu for Swine Flu and not for Avian Flu. This is not the answer. It has never been -- not even to the predecessor Avian flu and not now also. Have the crores worth of Tamiflu bought by the Health Ministry in the last five years ever been released into the market? Even the antibiotics bought for the so-called plague 20 years ago were lying at the Customs till last year.

The truth of the matter is that normal antiviral drugs make the flu milder and the patient feels better faster. Palliative care, at home or in hospital, focuses on controlling fever and maintaining fluid balance for the treatment of flu viruses. The adage that applies to all flus applies to this one as well, which is that with medicine it takes a week and without medicine it takes seven days. The majority

of people infected with the virus make a full recovery without requiring even medical attention or antiviral drugs.

This is just another type of flu virus or our typical seasonal flu symptoms. So far, even if you see swine flu cases increase on a swine flu map, experts do not know till today whether this influenza A (H1N1) virus will become a pandemic or even a nuisance. We could just continue to see sporadic cases for a few weeks or months till it stops.

SARS, if you remember, was touted as the killer of millions. Does anybody even remember what SARS stands for or whether it actually killed a single human being? However, I would like to say that the global pharma companies like Roche, Gilead, and Glaxo SmithKline are making a killing through the sales of antivirals like Tamiflu and Relaxin. The US Administration has already opened an emergency window in its authorisation system to allow Tamiflu and Relaxin to be used more widely on flu sufferers across the world. Even the small vaccine producers like Biocryst and Novavax are hiving for profit. India has bought Tamiflu, but has not authorised its retail sales. Strangely enough, the reason that your Ministry has given for not giving Tamiflu to the public in spite of giving the scare that swine flu exists is, "Indiscriminate use of this drug by the public could result in the virus developing resistance to this only known treatment of the H1N1 influenza". This is what your Government has officially said. You keep buying it, but you never give it to us. You never allow anybody to use it because if we use it, we might get immune to it. We buy an imaginary medicine for an imaginary disease, and who gets to live happily ever after – the companies, the Ministry, the Government, the sellers, the buyers?.

I would like to say that perhaps we should downplay our great insistence on and the amount of money we are spending on swine flu, and divert it back to our original diseases. Before I finish, I would like to go back again to the word 'swine' and 'pigs' because it is really important. Pigs are unusual as they can be infected with influenza strains that usually infect three different species: pigs, birds and

humans and it can go anywhere. This makes pigs a host where influenza viruses might exchange genes, producing new and dangerous strains. Therefore, I would suggest that the Health Ministry should also start looking at the way we farm pigs. GIGO (Garbage In, Garbage Out) is a standard principle. Come to the basis of what is spreading Tuberculosis or what is spreading malaria or what is spreading diseases. It all comes back to what we eat and how we treat them. I would urge the Members of Parliament to do checks on all factory farms in their areas and see the hideous conditions in which animals are grown for meat because this has become the norm. All the diseases in the last five years that we have spent our money on have been a result of the way that we have brought up chickens, pigs, goats, and cattle Tuberculosis comes from factory farming of cows and buffaloes. This is the lesson that we can learn from H1N1.

If we want a healthy happy world, we must understand that all species in it have to be healthy, or we will live in constant danger.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): माननीय उपाध्यक्ष जी, नियम 193 के अंतर्गत स्वाइन-फ्लू पर भाई संदीप दीक्षित जी और पबन सिंह घाटोवार जी ने जो चर्चा सदन में कराई, उसके लिए मैं उनको धन्यवाद देना चाहूंगा। पिछली बार हम लोग शुन्यकाल में स्वाइन-फ्लू पर अपनी बात रखना चाहते थे लेकिन हमें इसके लिए मौका नहीं मिल सका। अभी भाई संदीप जी ने और आदरणीय मेनका गांधी जी ने स्वाइन-फ्लू के बारे में बड़े विस्तार से बातें बताईं। आदरणीय स्वास्थ्य मंत्री श्री गुलाम नबी आजाद बहुत योग्य और वरिष्ठ मंत्री हैं। स्वाइन फ्लू के बारे में चर्चा आज से नहीं बल्कि मार्च 2009 से बहुत जोरों से है। यह पूरे भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। वर्ष 1998 में जब पहली बार उत्तरी केरोलिना में स्वाइन फ्लू फैला, उसका वायरस ट्रिप्पल हाई ब्रीड था। वह आदमियों में भी था, पक्षियों में भी था और जानवरों में भी था। इस बारे में तरह-तरह की भ्रांतियां हैं, हम लोग लेख भी पढ़ते हैं और बड़े-बड़े वैज्ञानिक भी इस खोज में लगे हैं कि यह स्वाइन फ्लू क्या है, यह कैसे जनरेट हुआ और कहां से आया, यह अभी तक वैज्ञानिक पता नहीं कर पाए हैं। दुनिया के समाचार पत्रों में आंकड़ों के बारे में समय-समय पर लिखा जाता है कि 116 देशों में स्वाइन फ्लू फैला हुआ है और 2371 लोग अभी तक मर चुके हैं।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद): दुनिया के 116 देशों में स्वाइन फ्लू फैला हुआ है।

श्री शैलेन्द्र कुमार : जी हां, दुनिया के 116 देशों में स्वाइन फ्लू फैला हुआ है और इससे 2371 मौतें हो चुकी हैं। जैसा संदीप दीक्षित जी ने कहा और हमने समाचार पत्र में भी पढ़ा कि हिंदुस्तान में भी व्यक्ति की मृत्यु हुई है, जो चिंता का विषय है।

SHRI GHULAM NABI AZAD : Sir, I may not get an opportunity to reply today because hardly ten to fifteen minutes are left and I shall have to reply on Monday only. It has been reported in newspapers and it has appeared in one of the channels also that one patient has died in Kerala. I would like to make it clear that he has not died of Influenza A H1N1 because the State Government had sent the sample for testing to Delhi and the report was found negative.

श्री शैलेन्द्र कुमार : जैसा मंत्री जी ने स्पष्टीकरण दिया है, यह बहुत अच्छी बात है।

SHRIMATI MANEKA GANDHI (AONLA): While I deeply appreciate the measures that you may have taken at airports etc., and perhaps we congratulate ourselves that the measures that have been taken at airports have prevented the

swine flu. But all the countries that have taken no measures at airports have also found no swine flu.

SHRI GHULAM NABI AZAD: I will reply that on Monday. But at this time, since it has already appeared in the Press that one person has died so far, I would say that let us keep our fingers crossed that not a single person has died of swine flu.

श्री शैलेन्द्र कुमार : मंत्री जी ने स्पष्ट किया है, यह बहुत अच्छी बात है। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि इस प्रकार की बीमारी न फैले और किसी व्यक्ति की मृत्यु न हो। इसके लिए हमें प्रयास करना चाहिए। वैज्ञानिक इस बीमारी की दवाई की खोज करने में लगे हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं। लोगों का सही ढंग से टीकाकरण हो और लोगों में यह बीमारी न फैले, इस बारे में डाक्टर्स को सफलता नहीं मिली है। हमें समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कि मैक्सिको के अंजान शहर लागलोरिया में यह फ्लू पैदा हुआ है, लेकिन दूसरी तरफ हमने लेख पढ़ा है कि यह सुअर से, पक्षियों से या जानवरों से या कचरे से या फैक्ट्रियों से या केमिकल से या खाद्य सामग्री से फैला, इसके बारे में अभी तक पता नहीं चला है। इस बारे में जानने के लिए दुनिया के वैज्ञानिक लगे हैं। जहां तक हमारे देश की बात है, समाचार पत्रों में हमने पढ़ा, टेलीविजन में भी हम देख रहे हैं कि विदेशों से आने वाली जितनी भी फ्लाइट्स हैं, उन पर निगरानी रखी जाए। केवल दिल्ली ही नहीं, देश के दूसरे बड़े शहर, जहां विदेशों से फ्लाइट्स आती हैं, वहां विशेष तौर से इस बीमारी के लिए लोगों का चैक-अप होना चाहिए। मैंने देखा कि लोग बाहर के देशों से यह बीमारी लेकर अपने देश में आ रहे हैं। ऐसी बहुत सी दवाइयां हैं जिन्हें लेकर इस बीमारी को कुछ घंटे तक दबाया जा सकता है लेकिन जैसे ही इन दवाओं का असर खत्म होता है स्वाइन फ्लू का मरीज अपने असली रूप में आ जाता है। यह भी कहा गया है कि एक व्यक्ति के दूसरे व्यक्ति से बातचीत करने और साथ उठने-बैठने से भी यह बीमारी फैल रही है। हमें इस ओर विशेष तौर पर ध्यान देना होगा। इस बीमारी से निपटने की जानकारी की व्यवस्था केवल एयरपोर्ट्स में ही नहीं बल्कि रेलवे स्टेशनों पर भी होनी चाहिए। लोग हवाई जहाज, रेल और पानी वाले जहाजों में भी यात्रा करते हैं इसलिए तमाम बंदरगाहों पर भी इसका इंतजाम होना चाहिए। इन सभी जगहों पर जांच के लिए एक्सपर्ट डॉक्टर बैठने चाहिए जो विशेष तौर पर इसकी निगरानी करें ताकि एक जगह से दूसरी जगह यह बीमारी न फैल पाए।

जहां तक भारतीय डॉक्टरों की बात है, बाहर के देशों से बहुत से मरीज हमारे देश में आए हैं। मेरे ख्याल से हिंदुस्तान के डॉक्टर स्वाइन फ्लू को डाइग्नोज नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि रोज न्यूज पेपर में पढ़ने को मिल जाता है कि इक्का-दुक्का मरीज यहां पाया गया है। इस तरह के समाचार पढ़ने को

मिलते हैं। जैसा पूर्व वक्ताओं ने कहा है और मैं इसे दोहराना नहीं चाहता हूं। लेकिन आज शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पीएचसी और सीएचसी, हैल्थ सैंटरों की तरफ ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि हो सकता है कि बहुत से मरीज डर कर शहर में ही न रहें और कहीं पलायन कर जाएं इसलिए हमें विशेष तौर पर निगरानी करनी पड़ेगी।

महोदय, दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र के पीएचसी और सीएचसी के संबंध में चाहे सभी प्रदेशों के मुख्य मंत्रियों के साथ वार्ता करने की जरूरत पड़े, वह कीजिए। इसके साथ यह भी बात की जाए कि यह बीमारी जो महामारी के रूप में फैल रही है, इस पर कैसे कंट्रोल करें। इससे पहले चेचक उन्मूलन के लिए वैक्सीन मंगाए गए और यह जड़ से खत्म हुआ। अब पोलियो को खत्म करने के लिए पोलियो ड्राप्स पिला रहे हैं। अभी हमारे निर्वाचन क्षेत्र कौशाम्बी, उत्तर प्रदेश में सैंकड़ों चेचक के मरीज देखने को मिले। पिछले कुछ वर्षों में चेचक खत्म हो गया था लेकिन इस क्षेत्र में छोटे दाने से लेकर बड़ी चेचक के रोगी पाए गए हैं। हमें यह देखकर बहुत ताज्जुब हुआ क्योंकि यह तो देश से खत्म हो गया था लेकिन इस जगह चेचक उभार पर है। अब जरूरत इस बात की है कि जो पुरानी बीमारियां हैं, उसे देखें क्योंकि यह कहा जाता है कि स्वाइन फ्लू मलेरिया का ही बिगड़ा स्वरूप हो सकता है। इससे पहले इसी सदन में तमाम बातें उठाई गई हैं, खास तौर से बांग्ला देश और सीमा से लगे देशों के जिलों में बाढ़ या सूखे के समय तमाम बीमारियां शीघ्रता से मानव के ऊपर असर करती हैं इसलिए इन पर कंट्रोल करना आवश्यक है। आप बहुत सीनियर मिनिस्टर हैं, आप चाहें तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री का एक सम्मेलन आयोजित करें ताकि स्वाइन फ्लू का जो खतरा हमारे देश में बढ़ रहा है इसे कंट्रोल किया जा सके। मुझे उम्मीद है कि आप इसे रोकने के लिए कार्य योजना बनाएंगे और रोकने की पूरी कोशिश करेंगे।

मैं इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।

DR. RAM CHANDRA DOME (BOLPUR): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I rise to take part in this short duration discussion on rapid spread of swine flu in the country. I thank Mr. Sandeep Dikshit my esteemed colleague and my good friend Mr. Paban Singh Ghatowar for bringing forward this motion for discussion in the House.

We have hardly discussed, particularly the debate put forward by Shri Dixit, who has deliberated here several aspects of this sort of problem in our country in great detail. My other esteemed colleague, Shrimati Maneka ji, deliberated in detail this issue, the pros and cons of this problem, in her speech. I am entirely in agreement with her views on this problem because with such types of problems panic is created. Many times, the real cause is unfounded and this problem is creating panic among the people. Many times such type of diseases cause epidemic or pandemic health problem. These days, panic has been created mainly on this sort of problem by the vested interests.

Sir, on this particular problem, recently, I have gone through a journal – The New England Journal of Medicine – which surprisingly revealed that a particular virus is responsible for this sort of infection in the human beings, which is called, Swine Flu. I am in agreement with Madam Gandhi that basically the swine is not creating this problem but they are the victims of this infection mainly from the human source. The cause of recent pandemic, according to the new studies, scientists investigating the genetic make up of Flu Virus have concluded that there is a high probability that the H1N1 strain of Influenza A behind the current pandemic might never have been reintroduced in the human population, were it not for an accidental leak from a laboratory working on the same strain in 1977.

The New England Journal of Medicine comments that the re-emergence was probably an accidental release from a laboratory source. Two famous scientists working in this area - Shanta Zimmer and Donald Burke from the University of Pittsburgh in Pennsylvania - said that frozen samples of the virus stored in the laboratory since 1950s, and most laboratories doing research on Influenza would have the 1950s strain and one cannot pinpoint actually a particular laboratory is responsible for its accidental release but the re-emergence of H1N1 in 1977 made it potentially a man-made pandemic.

Therefore, it is also reminded that we need to be continually vigilant in terms of laboratory procedures.

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य अब इसका समय समाप्त हो गया है, साढ़े तीन बजे प्राइवेट मैम्बर्स बिजनेस शुरु होगा। नैक्स्ट टाइम जब यह आयेगा, तब आप इस पर बोलेंगे।

डॉ. रामचन्द्र डोम : ठीक है सर।

15.30 hrs.

PRIVATE MEMBERS' BILLS - INTRODUCED

(i) PREVENTION OF CRUELTY TO ANIMALS (AMENDMENT) BILL, 2009*
(Amendment of section 11, etc.)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House shall now take up Private Members' Business. Item No. 19, Shri Francisco Sardinha.

SHRI FRANCISCO COSME SARDINHA (SOUTH GOA): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Prevention of Cruelty to Animals Act, 1960.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Prevention of Cruelty to Animals Act, 1960."

The motion was adopted.

SHRI FRANCISCO COSME SARDINHA : I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India in Extraordinary Part-II, Section-2 dated 03.07.09

15.31 hrs.

(ii) UNDERDEVELOPED AND BACKWARD AREAS AND REGIONS (SPECIAL PROVISIONS FOR ACCELERATED DEVELOPMENT) BILL, 2009*

SHRI BAIJAYANT PANDA (KENDRAPARA): I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the establishment of an autonomous central Authority to ensure rapid, accelerated and overall development of poor, underdeveloped and backward areas and regions of the country which lag behind in matters of development of infrastructure in economic, social, educational, technical and industrial fields and assure their speedy development in a planned manner and for matters connected therewith or incidental thereto.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the establishment of an autonomous central Authority to ensure rapid, accelerated and overall development of poor, underdeveloped and backward areas and regions of the country which lag behind in matters of development of infrastructure in economic, social, educational, technical and industrial fields and assure their speedy development in a planned manner and for matters connected therewith or incidental thereto."

The motion was adopted.

SHRI BAIJAYANT PANDA (KENDRAPARA): I introduce* the Bill.

---

* Published in the Gazette of India in Extraordinary Part-II, Section-2 dated 03.07.09
* *Introduced with the recommendations of the President

15.32 hrs.

(iii) PERSONS AFFECTED BY NAXALITE TERRORISM (RELIEF AND REHABILITATION) BILL, 2009*

SHRI BAIJAYANT PANDA (KENDRAPARA): I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for relief, compensation and rehabilitation measures through employment and other means for the persons affected by naxalites or maoist terrorism in various parts of the country and for matters connected therewith or incidental thereto.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for relief, compensation and rehabilitation measures through employment and other means for the persons affected by naxalites or maoist terrorism in various parts of the country and for matters connected therewith or incidental thereto.."

The motion was adopted.

SHRI BAIJAYANT PANDA : I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India in Extraordinary Part-II, Section-2 dated 03.07.09

15.33 hrs.

(iv) CITIZENS AFFECTED BY CYCLONE, SUPER CYCLONE OR TSUNAMI IN COASTAL AREAS (COMPENSATION, REHABILITATION AND WELFARE) BILL, 2009*

SHRI BAIJAYANT PANDA (KENDRAPARA): I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the protection of citizens living in coastal areas affected by cyclone or super cyclone or tsunami or any other natural calamity in the coastal areas of the country by providing adequate compensation, rehabilitation and welfare measures and for matters connected therewith or incidental thereto.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the protection of citizens living in coastal areas affected by cyclone or super cyclone or tsunami or any other natural calamity in the coastal areas of the country by providing adequate compensation, rehabilitation and welfare measures and for matters connected therewith or incidental thereto."

The motion was adopted.

SHRI BAIJAYANT PANDA : I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary Part-II, Section-2 dated 03.07.09

15.33½ hrs.

(v) PREVENTION OF UNSOLICITED TELEPHONIC CALLS AND PROTECTION OF PRIVACY BILL, 2009*

SHRI BAIJAYANT PANDA (KENDRAPARA): I beg to move for leave to introduce a Bill to prohibit unsolicited telephone calls by business promoters or individuals to persons not desirous of receiving such calls and for the protection of individual privacy of citizens and for matters connected therewith or incidental thereto.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to prohibit unsolicited telephone calls by business promoters or individuals to persons not desirous of receiving such calls and for the protection of individual privacy of citizens and for matters connected therewith or incidental thereto."

The motion was adopted.

SHRI BAIJAYANT PANDA : I introduce the Bill.

15.34 hrs.

(vi) CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL, 2009* (Amendment of the Eighth Schedule)

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL (BIKANER): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted.

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL : I introduce the Bill.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Item No. 25. Shri Yogi Adityanath – Not present.

---

* Published in theGazette of India, Extraordinary Part-II, Section-2, dated 03.07.09

15.35 hrs.

RESOLUTION RE: CONSTITUTION OF NATIONAL BOARD FOR THE DEVELOPMENT OF HIMALAYAN STATES

MR. DEPUTY-SPEAKER: Before I call Shri Virender Kashyap to move his Private Members' Resolution regarding Constitution of National Board for the Development of Himalayan States, time for Discussion of this Resolution has to be allotted by the House.

If the House agrees, two hours may be allotted for its discussion!

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes, Sir.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं **:**

> "हिमालयी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति जिसके कारण भू-स्खलन, बादल फटना, भूकंप, ओलावृष्टि और अन्य प्राकृतिक आपदाएं आती हैं, जिनके परिणामस्वरूप जान और माल का भारी नुकसान होता है और साथ ही उत्तुंग पहाड़ियों के कारण वहां सड़कों, भवनों और अन्य विकास कार्यों के निर्माण की उच्च लागत और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए यह सभा सरकार से आग्रह करती है कि वह संघ सरकार की पूरी वित्तीय सहायता से-
> (1) हिमालयी क्षेत्र के राज्यों के चहुंमुखी और तीव्र विकास के लिए;
> (2) इन राज्यों में विद्यमान केन्द्रीय योजनाओं और कार्यक्रमों की मॉनीटरिंग के लिए; और
> (3) उक्त क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा के प्रभाव को न्यूनतम करने के उपाय सुझाने के लिए
> 'राष्ट्रीय हिमालयी राज्य विकास बोर्ड नामक एक बोर्ड' का गठन किया जाए।"

15.36 hrs.

(Dr. M. Thambidurai *in the Chair*)

महोदय, आपने मुझे राष्ट्रीय महत्व के इस ज्वलंत विषय पर गैर-सरकारी संकल्प प्रस्तुत करने का जो अवसर प्रदान किया है उसके लिए मैं सर्वप्रथम आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं हिमाचल प्रदेश के शिमला सुरक्षित संसदीय क्षेत्र से प्रथम बार इस माननीय सदन का सदस्य बनकर आया हूं।

महोदय, देश में कुल ग्यारह हिमालयी राज्य हैं जिनमें असम, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम एवं सिक्किम हैं। इन राज्यों की कुल आबादी छह करोड़ पैंतीस लाख से ज्यादा है तथा कुल क्षेत्रफल लगभग पांच लाख तिरानवें हजार किलोमीटर है। मैदानी भागों में सड़क, स्कूल और स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अन्य विकास कार्यों पर जितना व्यय होता है उसका कई गुणा ज्यादा व्यय पहाड़ी राज्यों में होता है। उदाहरणस्वरूप एक किलोमीटर मैदानी भाग

में सड़क बनाने में जो लागत आती है, पहाड़ी राज्यों के कई कठिन स्थानों पर यह लागत कई गुणा अधिक आती है। मैं समझता हूं कि इन कठिन परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए वहां की हमारी उत्तुंग श्रृंखलाओं में जो लोग फंसे हैं और हिमाचल प्रदेश के हिमालयी अंचल में बसे होने के कारण वहां कुछ भाग ऐसे हैं जहां वर्ष में केवल चार महीने ही सामान्य जीवन चलता है और शेष समय में बर्फ जमी रहती है। हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि जहां गर्मियों में ऊना एवं उसके साथ लगते क्षेत्रों में भयंकर गर्मी और लू की तपिश महसूस की जा सकती है और वहीं दूसरी ओर हिमाचल के ही जिला लाहौल-स्फीति और किनौर के कुछ भागों में भयंकर बर्फबारी के कारण सर्दी की ठिठुरन महसूस की जा सकती है। हम पहाड़ों में रहने वाले लोग बहुत कठिन परिस्थिति में अपना गुजारा करते हैं क्योंकि हम लोग जंगलों से घिरे हुए हैं। देश की 62 वर्ष की आजादी में पहाड़ी राज्यों के लिए जितनी भी योजनाएं बनीं उनका फायदा पहाड़ी राज्यों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अभी तक नहीं पहुंच पाया है। इस कारण से इन राज्यों के लोग विकास के लिए अभी भी तरस रहे हैं।   इसका मुख्य कारण यह है कि केन्द्र सरकार जो भी योजनाएँ बनाती है, वह वहां की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों, सोशियो-इकोनॉमिक और सोशल कंडीशंस को ध्यान में रखते हुए नहीं बनाती। भारतीय उपमहाद्वीप की सुरक्षा में दक्षिण से समुद्र और उत्तरी संभाग में हिमालय को देश की सुरक्षा का प्राचीर कहा जाता है। केन्द्र सरकार ने दक्षिण और तटवर्ती राज्यों में अरब सागर और हिन्द महासागर से टकराते राज्यों में एक महासागर मंत्रालय बनाने की मांग की जिसकी देख-रेख में इन तटीय राज्यों की समस्याओं को इस मंत्रालय के माध्यम से सुलझाया जा सके। केन्द्र में महासागर मंत्रालय बन जाने के पश्चात् देश के तटवर्ती राज्य अनेक लाभ उठा रहे हैं लेकिन लोक सभा में देश के उत्तरी संभाग के हिमालय राज्यों के सदस्यों की कम संख्या और आपस में तालमेल न होने के कारण केन्द्र में महासागर मंत्रालय की तरह हिमालय विकास मंत्रालय स्थापित नहीं हो सका। आज हिमालय पूरे देश के ऋतु-चक्र के लिए खतरा बना हुआ है। इसलिए केन्द्र को हिमालय राज्यों की कमज़ोर वित्तीय स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए हिमालय विकास मंत्रालय या हिमालय विकास बोर्ड की स्थापना करनी चाहिए। मैं आपके ध्यान में और सदन के ध्यान में लाना चाहता हूँ कि आज तक जो भी हमारे प्रधान मंत्री बने, उन्होंने हमेशा ही इस तरह की एजेन्सीज़ की वकालत की है और गत दिनों जब अटल बिहारी वाजपेयी जी हमारे प्रधान मंत्री थे और वे हिमाचल प्रदेश आए थे, तो उन्होंने भी इस प्रकार की एजेन्सी बनाने की आवश्यकता महसूस की थी। मैं सदन के समक्ष कहना चाहता हूँ कि इस प्रकार के ट्रांस हिमालयन विकास प्राधिकरण के गठन की घोषणा करने के लिए बहुत सी इंटर मिनिस्ट्री टास्क फोर्स की बात भी 2004 में हुई थी परंतु उसकी कोई बैठक नहीं हो सकी और जिस कारण से हमें इस प्रकार के बोर्ड के गठन का लाभ नहीं हुआ या जो टास्क फोर्स बनाई गई थी, उसका लाभ नहीं मिल सका।

महोदय, हिमालय क्षेत्र के संरक्षण और विकास के लिए पूर्व में विभिन्न स्तरों पर केन्द्र सरकार का इस ओर ध्यान आकर्षित किया जाता रहा है। इन राज्यों की विशिष्ट भौगोलिक पृष्ठभूमि के परिप्रेक्ष्य में भारत के प्रधान मंत्री की देखरेख में महासागर विकास की तरह हिमालय विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाए जिससे हिमालय के पर्यावरणीय संरक्षण और उसमें स्थित हिमालय राज्य अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, असम, मेघालय, नागालैण्ड, त्रिपुरा, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के समग्र विकास के साथ साथ क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि के द्वार खुल सकें। महोदय, इन हिमालयी राज्यों की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पश्चिमोत्तर में पाकिस्तान और उत्तर पूर्व में भूटान, चीन, नेपाल, बंग्लादेश और म्यांमार से लगती है जिसके कारण भारतीय गणतंत्र की सुरक्षा और अखंडता की दृष्टि से इन हिमालयी राज्यों का विशेष सामरिक और आर्थिक महत्व हो जाता है। एक ओर जहां पाकिस्तान, बंग्लादेश और म्यांमार से घुसपैठ और आतंकवाद का सदैव खतरा बना रहता है, वहीं नेपाल से माओवादियों का खतरा रहता है और चीन की नज़र सदैव सिक्किम पर रहती है। भारत के इन्हीं हिमालय क्षेत्र से होकर चिनाब, रावी, व्यास, झेलम, ब्रह्मपुत्र, गंगा, यमुना आदि नदियाँ बहती हैं जो क्रमशः पश्चिम दिशा में अरब सागर और दक्षिण पूर्व में बंगाल की खाड़ी में मिलती हैं। मानसून में इन नदियों में आने वाली भीषण बाढ़ से अपार वन संपदा की हानि के अलावा भूस्खलन, बादल फटने और दैवीय आपदाओं से अपार जान-माल की हानि होती है जिससे प्रति वर्ष केन्द्र और संबंधित राज्य सरकारों को बाढ़ राहत कार्यों एवं बाढ़ नियंत्रण पर अरबों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इन सभी हिमालयी राज्यों की भौगोलिक एवं सामाजिक संरचना लगभग एक समान है और यह इतनी विकट है कि समग्र दृष्टि से इसके आर्थिक विकास और विकास प्रबंधन की ओर ध्यान दिये जाने की प्रबल आवश्यकता है। इसी के अनुरूप केन्द्रीय स्तर पर हिमालय संरक्षण और विकास विभाग का गठन आवश्यक हो गया है, जिससे केन्द्रीय स्तर पर हिमालय संरक्षण व विकास की नीति बन सके। इस नीति में हिमालय की पर्यावरण संरक्षण प्रणाली, भू-पारिस्थितिकी और मानव संसाधन विकास एवं प्राकृतिक संसाधनों के इष्टतम उपयोग एवं विकास की नई वैज्ञानिक सोच रेखांकित की जानी चाहिए और जिसका हिमालयी क्षेत्र के उपरोक्त सभी राज्य अनुसरण करें। ये राज्य आर्थिक रूप से अक्षम, केन्द्रीय सहायता पर निर्भर होने के कारण अपना युक्तियुक्त विकास नहीं कर पा रहे हैं।

महोदय, एन.डी.ए. की सरकार के समय जो ग्राम सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान व केन्द्र की ओर से अन्य योजनाएं बनीं उनके माध्यम से देश के मैदानी भागों में विकास देखने को मिला, लेकिन इन योजनाओं का यदि हम विश्लेषण करें, तो पहाड़ी राज्यों को मात्रात्मक रूप में जितना धन मिलना चाहिए था, उतना नहीं मिला और उसके अनुसार पहाड़ी राज्यों का विकास भी कम हुआ। यू.पी.ए. सरकार के समय में तो इन योजनाओं की गति अत्यन्त धीमी हो गई है।

महोदय, मैं इस बारे में कहना चाहता हूं कि केन्द्रीय स्तर पर जो भी योजनाएं बनती हैं, वे हिमालयी राज्यों की विकट परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए बननी चाहिए। उदाहरण के तौर पर केन्द्र की इन्दिरा आवास योजना में एक कमरा बनाने के लिए 28500 रूपया दिया जाता है, जो कि बहुत कम है। पहाड़ी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति इस प्रकार की है, वहां सड़कें भी नहीं हैं, जिससे हेडलोड पड़ता है। इससे इस छोटी सी राशि से एक कमरे का चौथाई काम भी नहीं होता है। इसलिए मेरा कहना है कि इस प्रकार की जो भी केन्द्रीय योजनाएं बनें, वे वहां की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए बननी चाहिए और उसी प्रकार से वहां के लिए धन आवांटित होना चाहिए।

महोदय, भारतीय उप महाद्वीप की एक अद्वितीय भौगोलिक विविधता है। एक तरफ हमारे पास अंतः ज्वालामुखी पठार सहित एक लम्बी उपजाऊ तट रेखा है और दूसरी ओर ऊंचे और शक्तिशाली हिमालय की सीमा वाले विस्तृत कच्छ के मैदान हैं। प्रत्येक क्षेत्र अपनी स्वयं की जातीय जैव विविधता और अद्‌भुत जन सांख्यिकी से समृद्ध हैं। प्रत्येक क्षेत्र की अपनी विशेषताएं, ताकत, समस्याएं, आकांक्षाएं हैं और स्वयं ही उनके समाधान की अद्‌भुत प्रवृत्ति है। प्रत्येक क्षेत्र की मांग को पूरा करने के लिए कोई सीधा समाधान नहीं है। तथापि इन सभी जैव-विविधताओं में एक सामान्य डिनोमीनेटर है, जो इनमें से कुछ क्षेत्रों को एक अद्वितीय सब-सैट में बांधता है। ऐसे प्रत्येक सब-सैट की अपनी अद्वितीयता परिभाषित है और एक सामान्य सूत्र से जुड़े हुए हैं।

हालांकि सभी तटीय प्रदेश एक समान नहीं हैं, बल्कि वे स्पट रूप से भिन्न हैं। जैसे कच्छ के मैदान या हिमालयी प्रदेश। ऊपरी तौर पर कुछ सामान्य पहलू हो सकते हैं, लेकिन वह समानता ठीक उसी तरह से है जैसे चाक और पनीर। विस्तार से कहा जाए, तो भिन्नता गणनात्मक हो सकती है और वह क्षेत्र विशेष के विशिष्ट मुद्दों के पूरे गैमट (Gamut) को सम्मिलित कर सकती है। भारत जैसे विविधता पूर्ण देश में जहां यह कहा जाता है कि **"कोस-कोस पै बदले पानी, नौ कोस पै बानी"** और यह सब तब और अधिक जटिल और दुरूह हो जाता है जब न केवल योजनाएं एवं कार्यक्रम आरम्भ किए जाते हैं बल्कि वास्तव में जब उन्हें हकीकत में लागू करने की बात की जाती है। भिन्न-भिन्न प्रदेशों की अलग-अलग जरूरतें होती हैं। लोगों के विभिन्न परिप्रेक्ष्य होते हैं। समस्याएं अनन्य हैं और सभी के लिए एक जैसा समाधान नहीं है। अतः जब हम उत्थान एवं विकास के लिए प्रगतिशील उपायों की बात करते हैं तब हम वास्तव में विभिन्न आवश्यकताओं के बीच अद्वितीय तालमेल बनाने के लिए एक मुख्य (मूल) समाधान चाहते हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि इसे लागू करने में इतनी ज्यादा बाधाएं आती हैं कि अंतिम परिणाम हमारी साधारण

अपेक्षाओं से बहुत दूर होता है। तब इसका समाधान क्या है? क्या हर स्थिति का एक अलग समाधान है? क्या यह एक गोल छिद्र में चौकोर खूंटी फंसाने का प्रयास करना है अथवा क्या सब मामलों का अलग-अलग अध्ययन होना चाहिए?

महोदय, विशेषकर पहाड़ी राज्यों की अपनी कई अनोखी विशिष्टताएं होती हैं और मुद्दों को समझने के लिए गहन अध्ययन की आवश्यकता होती है, ताकि संतोषजनक से असाधारण अंतिम परिणाम प्राप्त हो सकें। हमें अपनी दूसरी अन्य दूसरी सीमाओं को भी समझना होगा। ज़मीनी सच्चाई को जांचने के लिए और सबसे अधिक संसाधनों की कमी है, जिसकी प्रत्येक क्षेत्र विशेष से, मुद्दों से हमें गहराई से अध्ययन करने की आवश्यकता होती है। सभी की जरूरतों को एकसाथ लेकर ही इनसे पार पाया जा सकता है। जैसे कि कहावत है - "The birds of same feather flock together". हमें अपने सभी प्रदेशों को कुछ समान समानताओं को श्रेणीगत करने की जरूरत है - चाहे वे भौगोलिक हों या जनसांख्यिकीय। समूह में उड़ने वाले पक्षियों में विवेक होता है, क्योंकि समूह में उड़ते हुए उनकी एक मंजिल, इच्छा, आवश्यकता और यहां तक कि स्वप्न भी एक जैसे होते हैं।

सभापति महोदय, राष्ट्रीय विकास परिषद् की 50वीं बैठक में हमारे हिमाचल प्रदेश के मुख्य मंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल जी के शब्दों में अगर हम कहें तो पता चलता है कि आज इसकी बहुत आवश्यकता है कि पहाड़ी राज्यों के लिए इस प्रकार का बोर्ड गठित करना आवश्यक है, क्योंकि इन पहाड़ी राज्यों के विकास में मैं समझता हूं कि आज जितना धन मिलना चाहिए, उतना नहीं मिल रहा है। उन्होंने 21 दिसम्बर, 2002 को दिल्ली में राष्ट्रीय विकास परिषद् की 50वीं बैठक में जो कहा, उसे मैं यहां उद्धृत कर रहा हूं - "विकेन्द्रीकरण और निष्पक्षता विशेष रूप से विशिष्ट राज्यों की श्रेणी के संदर्भ में सामान्यत: हमारे देश की योजना प्रक्रिया अत्यधिक गहरी है। विशिष्ट श्रेणी के राज्यों की पूरी संकल्पना वर्टीकल के साथ-साथ क्षितिज के सिद्धान्त पर आधारित है। इस परिकल्पना के विशिष्ट श्रेणी के राज्यों के साथ समान रूप से व्यवहार किया जाता है, क्योंकि किसी राज्य को विशिष्ट श्रेणी के राज्य के आधार पर स्वीकृति मिलना उसके अपने अन्तर्निष्ठ विकासात्मक प्रतिकूल परिस्थिति और उत्पादन क्षमता के पर्याप्त संसाधनों की कमी होती है।" यह 2002 की बात थी और आज 2009 में भी हम इस पर सोच रहे हैं, विचार-विमर्श कर रहे हैं। मैं जरूरत इस बात की समझता हूं कि पहाड़ी राज्यों में विकास के लिए हमें केन्द्र से जितना धन उपलब्ध होना चाहिए, उतना नहीं हो पाता है। वहां कानून बने हैं। खास तौर पर मैं कहना चाहता हूं कि हमारे यहां फोरेस्ट्स हैं। मैं समझता हूं कि उन राज्यों में मिनरल्स भी हैं। वहां या तो पानी है या जंगल हैं।

सभापति महोदय, आज हिमाचल प्रदेश में लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपए की वन सम्पदा है। मैं सदन के समक्ष यह रखना चाहता हूं कि इन पहाड़ी राज्यों में चारों तरफ वन थे और हम उन पर डिपेंड करते थे। वे वन के माध्यम से धनराशि उपलब्ध करवाते थे, परन्तु जब से फोरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट 1980 आया, उसके बाद से आज वहां पर एक भी पत्ता, एक भी लकड़ी की टहनी काटने नहीं दी जाती है। ये जो पहाड़ी इलाके हैं, जहां पर इतने सारे वन हैं, उनकी वजह से मैं समझता हूं कि आज वे हमारे देश के लंग्स की तरह काम कर रहे हैं, क्योंकि आज उन पेड़ों को काटने पर पूरा प्रतिबंध है। मैं हिमाचल प्रदेश की ही बात आपके सामने कहना चाहता हूं कि जब से यह कानून लागू हुआ है, वहां जितने भी विकास के कार्य हैं, वे सब रुक गए थे, क्योंकि वहां चारों तरफ जंगल हैं और जब जंगल हैं तो उसमें से सड़कें नहीं बन सकती हैं। अगर हमें स्कूल, होस्पिटल, सीएफसी, पीएफसी बनानी है या वहां से आईपीएच की स्कीम से नाली बनानी है तो उसके लिए भी हमें परमीशन लेनी पड़ती है। कहने का मकसद यह है कि आज इन जंगलों को प्रोटेक्ट करने के लिए सभी पहाड़ी इलाकों के जितने भी राज्य हैं, उन्होंने उस पर पूरा ब्लैंकेट बैन लगाया है और हिमाचल प्रदेश में टी.डी. राइट्स होते थे, वहां के जो स्थानीय लोग थे, उन्हें पेड़ काटने और घर बनाने की जब जरूरत होती थी तो उन्हें जंगलों से पेड़ मिला करते थे। उस पर भी पूरी तरह से बैन लग गया है। स्थिति यह थी है कि अगर किसी के घर में कोई मौत हो जाती थी तो वह जंगल से लकड़ी काट कर अंत्येष्टि किया करते थे। आज हमारे पहाड़ी इलाकों में यह स्थिति आ गई है कि वहां हम सूखी लकड़ी भी नहीं काट सकते हैं। सभापति महोदय, इसके साथ-साथ मैं कहना चाहता हूं कि इसका एक जो बहुत ही उल्टा असर पड़ा है वह यह है कि अभी पिछले दिनों लगभग आठ महीनों से बर्सातें नहीं हुईं। इसके कारण पहाड़ों में सूखा पड़ा हुआ है। वहां जो पत्ते गिरते हैं, खासकर जो चील (चीड़) के जंगल हैं, उनमें चील के पेड़ के जो पत्ते गिरते हैं, वे एक प्रकार से दारू का काम करते हैं और जब उनमें आग लगती है, तो जो वहां के स्थानीय लोग हैं, वे उस आग को बुझाने के लिए नहीं आते हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि जंगलों के साथ वहां के लोगों की अटैचमेंट नहीं है। पहले वे फॉरैस्ट को प्रोटैक्ट करते थे, परन्तु जब से उनकी इस प्रकार की दुर्दशा कर दी गई है कि उनके किसी प्रिय की मौत होने के बाद भी उसकी अन्त्येष्टि के लिए उन्हें वहां से लकड़ी नहीं लेने दी जाती है। तब से उनके मन में यह भावना आ गई है कि हम इन जंगलों को बचाकर क्या करेंगे। इस प्रकार के स्टिंजेंट एक्ट और ऐसे कठोर अधिनियम बनाकर वहां के लोगों को उनकी जरूरत का सामान भी जंगलों से नहीं लिए जाने दिया जा रहा है। इसलिए उनका जंगलों के साथ अटैचमेंट नहीं हो रहा है।

महोदय, यह ठीक है कि जंगलों को नष्ट होने से बचाने के लिए अधिनियम बनने चाहिए और इस अधिनियम के बनने के बाद जंगल बच रहे हैं। मैं भी चाहता हूं कि जंगल बचने चाहिए और देश के

वातावरण का संरक्षण होना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं हैं। इसके साथ-साथ मेरा मानना है कि केन्द्र सरकार के स्तर पर, जैसा कि मैंने कहा कि हिमाचल प्रदेश का ही अगर हम एग्जाम्पल लें, तो लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपए की संपत्ति हिमाचल प्रदेश के जंगलों में है, परन्तु उसके काटे जाने पर अब कम्पलीट और ब्लैंकेट बैन है, इसलिए वे काटे नहीं जा सकते हैं और हमारे पहाड़ी राज्यों की जो अलग-अलग सरकारें हैं, उन्होंने भी पूरी तरह से इस बात को माना है कि फॉरैस्ट कंजर्वेशन एक्ट, 1980 के अनुसार ही काम किया जाएगा। पहाड़ी राज्यों ने सबसे पहले देश को मान्यता दी है। देश के स्वास्थ्य के लिए उन्होंने ज्यादा सोच रखी है। इसलिए केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह है कि जो हमारे वन थे, जो हमारी आय के साधन थे, उनकी एवज में, उसे कंपैनसेट करने के लिए इतनी धनराशि दी जाए, जिससे पहाड़ी राज्य अपने विकास को सुचारू रूप से कर सकें। जो अन्य राज्य हैं, वहां अनेक प्रकार के मिनरल्स पाए जाते हैं और अनेक प्रकार के अयस्क (ओर) पाए जाते हैं, चाहे वे लोहे के हैं या तेल के, उनके एवज में कुछ प्रदेशों को रॉयल्टी दी जाती है। हम समझते हैं कि इन पहाड़ी राज्यों के जो जंगल हैं या जो पानी है, वे हमारे एक प्रकार से मिनरल ही हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि हमें उनकी एवज में केन्द्र सरकार की ओर से रॉयल्टी दी जानी चाहिए, ताकि हम अपना समग्र, संतुलित एवं ठीक प्रकार से विकास कर सकें।

महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि आज हम ग्लोबल वॉर्मिंग की बड़ी बात कर रहे हैं। इस ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से जो हमारा ऋतु चक्र था, वह पूरी तरह से असफल और विफल हो गया है। समय पर बारिशें नहीं होती हैं। इस वजह से मैं समझता हूं कि आज इन हिमालयी राज्यों के लिए विशेष पैकेज मिलना चाहिए, ताकि फॉरैस्ट कवर ज्यादा से ज्यादा हो सके। उसे हम ज्यादा से ज्यादा बचा सकें।

महोदय, एक रिपोर्ट मैं पढ़ रहा था। उसे पढ़कर मुझे हिमालयी राज्यों की बहुत भयानक तस्वीर नजर आई। वह रिपोर्ट है "Himalayan Misconceptions and Distortions: What are the facts?" इस रिपोर्ट में ग्लोबल वॉर्मिंग के संबंध में उन्होंने जो कहा है, उसे मैं उद्धृत कर रहा हूं। यह 21 जुलाई, 2003 को लंदन से प्रकाशित हुई थी। इसमें उन्होंने कहा है कि-

> "On a related theme *The Times* of London (21 July 2003), reporting on an international meeting held at the University of Birmingham, noted that 'Himalayan glaciers could vanish within 40 years because of global warming…500 million people in countries like India could also be at increased risk of drought and starvation.' Syed Hasnain is

quoted as affirming that ‘the glaciers of the region (Central Indian Himalaya) could be gone by 2035’.

According to Barry (1992: 45) the average temperature decrease with height (environmental lapse rate) is about 6 degree C/km in the free atmosphere. The dry adiabatic lapse rate (DALR) is 9.8 degree C/km. If it is assumed that the equilibrium line altitude (comparable with the ‘snow line’) in the Central Himalaya is about 5,000 masl and it will need to rise above 7,000 metres if all the glaciers are to be eliminated, then the mean temperature increase needed to effect this change would be about 12-18 degree C.”

16.00 hrs.

"…Given the degree of global warming, summers in Kolkata would be a little uncomfortable."

इस प्रकार की जो ग्लोबल वार्मिंग की हम बात करते हैं, मैं यह समझता हूं कि सीधे-सीधे तौर से हमें आज आवश्यकता इस बात की है कि जो हिमालयन स्टेट्स हैं, उन स्टेट्स के लिए केन्द्र की तरफ से इस प्रकार की योजनाएं बनें, स्पेशल पैकेजेज़ उनको मिलें, तभी यह सब कुछ हो सकता है। मैं आपके माध्यम से सदन के ध्यान में यह लाना चाहता हूं, क्योंकि आज हमारा वाटर लेविल बहुत नीचे चला गया है और वैज्ञानिकों की राय मैं कहना चाहता हूं कि शोध के मुताबिक जो उन्होंने कहा, दुनिया भर में उनकी जो आम राय थी, उनका कहने का मतलब यह है कि 31 प्रतिशत धरती में अगर पानी खड़ा रहे। वह पानी रीचार्ज के लिए धरती के अन्दर जाना चाहिए, तभी हिमनद वाली नदियों और जल स्रोतों से लगातार पानी हमें मिल सकता है।

16.01 hrs.

(Dr. Giraja Vyas *in the Chair*)

आज हम देख रहे हैं, खासकर इन हिमालयी राज्यों में कि हमारे जितने जल स्रोत थे, बावड़ियां थीं और जितने दूसरे चश्मे थे, वे पूरी तरह से सूख गये हैं। एक सर्वे के अनुसार लगभग 90 प्रतिशत पहाड़ी जल स्रोत सूखे हो गये हैं। इसका सीधा-सीधा सा कारण एक है कि आज हमारे यहां बहुत सा कंस्ट्रक्शन हो रहा है, उससे भी हमारा स्पेस ढक गया है और उसमें पानी नहीं रिसता है। लगभग 13 प्रतिशत पानी आज धरती के अन्दर रिस रहा है, जबकि 31 प्रतिशत पानी रिसना चाहिए। इसलिए भी मैं समझता हूं कि आज जितने ज्यादा वन हम लगा सकेंगे, उनकी उतनी ज्यादा आवश्यकता है।...(व्यवधान)

सभापति महोदया : कश्यप साहब, समय हो गया है। आपकी बहुत बात हो गई।

श्री वीरेन्द्र कश्यप : मैं आपको यह याद दिलाना चाहता हूं कि जो हमारे पहाड़ी राज्यों के लोग हैं, वे ईको फ्रेंडली ज्यादा होते हैं और जंगलों को वे अपने बच्चों की तरह से पालते हैं, परन्तु जब कानून इस प्रकार के बन जाते हैं, जिससे उनको उसका व्यक्तिगत लाभ नहीं हो पाता है, तब इस प्रकार की स्थिति हमारे सामने आती है। हमें याद रखना चाहिए कि कुछ वर्ष पहले हमारे उत्तराखंड के लोगों ने उस वक्त उस तरफ एक बहुत बड़ा भारी चिपको आन्दोलन चलाया था, वह सीधे-सीधे वनों की रक्षा के लिए चलाया गया था। मैं समझता हूं कि आम आदमी भी वनों की रक्षा करना चाहता है। हमारे ऋषि-मुनि भय और हम लोग भी आज जंगलों में जो वृक्ष होते हैं, उनको पूजते हैं तो क्यों नहीं, जो आदमी और जंगल का रिश्ता है, पेड़ का

रिश्ता है, उसे हमें ज्यादा मजबूत बनाना चाहिए। उस रिलेशन को डैवलप करने के लिए इस प्रकार की योजनाएं अगर बनेंगी तो मैं समझता हूं कि वे हमारे लिए बहुत लाभकारी होंगी।

जैसा मैंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि उन जंगलों को बचाया जाये, परन्तु जैसा मैंने कहा कि आगें जब लगती हैं तो उससे हमारा फ्लोरा और फौना बहुत बुरी तरह से प्रभावित होता है। हमारे वनों में इस प्रकार के जो अच्छे-अच्छे पशु-पक्षी थे, वे भी खत्म होते जा रहे हैं। मैं एक छोटी सी अगर आपके सामने रिपोर्ट पढ़ दूं तो आप अपने आप ही समझ जाएंगी कि किस प्रकार की हालत आज हो रही है।

वनों में बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप, अवैध शिकार, बदलते मौसम और इन दिनों जंगलों की आग ने वन्य जीवों को संकट में डाल दिया है। वन्य जन्तुओं पर हिमालय की नमी समाप्त होने का भी असर पड़ा है। उनमें हिम तेंदुआ, कस्तूरी मृग, हिमालयी भालू, निचली हिमालयी घाटियों में रहने वाले गुलदार तथा पक्षियों में डफिया, मोनाल तथा पहाड़ी बटेर आदि मुख्य हैं। इसके साथ ही हिमालयी क्षेत्र में तस्करों की नजर वन ओषधियों पर भी पड़ी है, जो 3000 मीटर से लेकर 5000 मीटर तक की ऊंचाई पर उगती हैं और जिनसे परम्परागत दवाएं बनाई जाती हैं।

हिमालय के मौसम के बिगड़ने की सबसे बड़ी मार हिम तेंदुए पर पड़ी है। वन विभाग की सूचना के अनुसार 1984-85 में गढ़वाल व कुमाऊं के हिमालयी क्षेत्र में हिम बाघों की संख्या छह थी। इसके बाद हिम बाघ दिखना बन्द हो गये। 3600 मीटर से 4000 मीटर की ऊंचाई पर पाया जाने वाला मूल रूप से एशियाई प्रजाति का यह बाघ दो फुट लम्बा व 50 किलो वजन तक का होता है। भेड़, बकरी, भालू, थार, कस्तूरी व खरगोश इसका भोजन हैं। यूरोपीय क्षेत्र में हिमबाघ की खाल से बनने वाले फर के कोटों की कीमत करीब 20 लाख रूपए है। वहां जो वन्य प्राणी हैं, आज जंगल कम होने की वजह से या आग वगैरह लग जाने की वजह से उनकी खराब स्थिति हो रही है। हमारा वन्य प्राणी वहां समाप्त होता जा रहा है।

महोदय, आपके माध्यम से आज मुझे पहली बार यहां बोलने का अवसर मिला, क्योंकि मैं पहली बार इस संसद का ही नहीं, बल्कि लोकसभा का सदस्य बनकर आपके बीच आया हूं। आपने मुझे बोलने के लिए बहुत समय दिया और सभी सीनियर सांसदों ने मेरी बात को सुना। मैं समझता हूं कि इसमें कुछ कमियां रह जाती हैं, पर जो मेरा इंटरनल मकसद है, वह शायद आप तक पहुंच गया होगा। मेरा आपसे एक ही आग्रह है कि जो मैंने प्रस्ताव आज मूव किया है, यह सब कुछ करने के लिए एक राष्ट्रीय हिमालयी राज्य विकास बोर्ड गठित होना चाहिए। आज से कई वर्ष पहले, मैं उनका नाम लेना चाहूंगा श्री हेमवती नंदन बहुगुणा जी का, जिनको हिमालय पुत्र के नाम से जाना जाता था, उसके बाद डा. वाई. एस. परमार, जो हिमाचल प्रदेश के कई वर्ष तक मुख्यमंत्री रहे, उन्होंने भी इस प्रकार की बात कही थी। हिमाचल प्रदेश

के जो वर्तमान मुख्यमंत्री हैं, प्रेम कुमार धूमल जी, वह भी काफी चिंता कर रहे हैं। मैंने शुरूआत में भी उनके संदर्भ में कहा है। आज वे चाहे कार्बन क्रेडिट की बात कह रहे हों, पर्यावरण संरक्षण की बात कह रहे हों, हर जगह उन बातों को उठा रहे हैं।

